# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांक-6905/ कु0का0 / 2025 दिनांक-30 /7 /2025

## संशोधित विज्ञप्ति

एतद् द्वारा समस्त सम्बंधित को सूचित किया जाता है कि महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित बी0पी०एड० (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम सत्र 2025–27 में प्रवेश हेतु आनलाइन प्रवेश परीक्षा फार्म वेबसाइट https://msdsuadm.samarth.edu.in/index.php पर भरने तथा परीक्षा शुल्क आदि जमा करने हेतु निम्नवत तिथियां निर्धारित की जाती है।

| क्र०सं० | कार्य विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की प्रारम्भिक तिथि | 18 जुलाई 2025 |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 10 अगस्त 2025 |
| 3 | प्रवेश पत्र ऑनलाईन डाउनलोड करने की तिथि * | 12 अगस्त 2025 |
| 5 | प्रवेश परीक्षा की प्रतावित तिथि * | 18 अगस्त 2025 |
| 6 | शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथि | 23 अगस्त 2025 |
| 7 | अन्तिम परिणाम की घोषणा की तिथि | 26 अगस्त 2025 |
| 8 | प्रवेश काउंसलिंग (ऑफलाईन) | 29 अगस्त 2025 |

*** प्रवेश परीक्षा आवश्यकता पड़ने पर सम्पन्न करायी जायेगी।**

**बी.पी.एड. (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) सत्र 2025–27 में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन फार्म भरने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक निर्देशः–**

**20.** प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन फार्म एवं आवेदन शुल्क आन–लाईन ही स्वीकार किये जायेगे।

**21. पात्रता–**

50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी विषय में स्नातक डिग्री और कम से कम ए आई यूआई ओ/एस जी एफ आई/भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेल–कूद में अंतर–कालेज / अंतर– क्षेत्रीय/जिला / स्कूल प्रतियोगिता में भागीदारी की हो।

अथवा

45 प्रतिशत अंकों के साथ शारीरिक शिक्षा में स्नातक डिग्री।

अथवा

45 प्रतिशत अंकों के साथ किसी विषय में स्नातक डिग्री तथा एक अनिवार्य विषय वैकल्पिक विषय के रूप में शारीरिक शिक्षा का अध्ययन किया हो।

अथवा

45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक डिग्री और राष्ट्रीय/अंतर–विश्वविद्यालय/राज्य प्रतियोगिता में भाग लिया हो अथवा एआईयू/आईओए/एस जी एफ आई/भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेलकूद में अन्तर कालेज/अंतर–क्षेत्रीय/जिला/स्कूल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त किया हो।

अथवा

अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में भागीदारी के साथ स्नातक डिग्री अथवा सम्बन्धित संघों/ए आई यू/एस जी एम आई/भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेल–कूद में राष्ट्रीय/अंतर–विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त किया हो।

अथवा

45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक डिग्री के साथ स्नातक डिग्री और कम से कम तीन वर्ष शिक्षण अनुभव (प्रतिनियुक्त सेवाकालीन उम्मीदवारों के लिए, अर्थात प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षक/कोच)

तथापि, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों/पी डब्ल्यू डी व अन्य श्रेणियों के लिये सीटों का आरक्षण केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार के नियमों के अनुसार होगा।

**22.** प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आवेदन फार्म शुल्क रू. 1,000–00 तथा रू. 300 समर्थ रजिस्ट्रेशन शुल्क सामान्य वर्ग एवं पिछड़े वर्ग के लिये तथा रू. 750–00 एवं रू0 300 समर्थ रजिस्ट्रेशन शुल्क अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग हेतु ऑनलाईन स्वीकार होगी।

**23.** स्नातक अन्तिम वर्ष में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते है, किन्तु काउंसलिंग के समय स्नातक उत्तीर्ण का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**24.** प्रवेश हेतु आरक्षण राज्य सरकार के शासनादेश के अनुसार अनुमन्य होगा।

**25.** बी०पी०एड० पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया एन सी टी ई के मानकानुसार भारत सरकार के गजट दिनांक 01 दिसम्बर 2014 के अनुसार होगी।

**26.** प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की अर्हता/पात्रता एन सी टी ई के मानकानुसार होगी।

**27.** बी०पी०एड० पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मानक पूर्ण करने वाले महाविद्यालय को ही काउंसलिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग करने की अनुमति होगी।

**28.** प्रवेश परीक्षा में कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न पूछे जायेगे, जिसमें 50 प्रश्न सामान्य ज्ञान, बौद्धिक क्षमता एवं सामान्य अभिरूचि से तथा 50 प्रश्न भारतीय विश्वविद्यालय संघ एव भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त खेलों से सम्बन्धित होगें। प्रत्येक प्रश्न एक–एक अंक का होगा एवं प्रवेश परीक्षा में कोई माइनस मार्किंग नहीं होगा।

**29.** लिखित प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगी।

**30.** यदि निर्धारित सीटों के सापेक्ष आवेदन पत्रों की संख्या दो गुना अथवा उससे अधिक रहती है तो प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा अन्यथा प्रवेश शैक्षणिक योग्यता एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के आधार पर सम्पादित की जायेगी।

**31.** शारीरिक दक्षता परीक्षा भी कुल 100 अंकों की होगी, जिसके अन्तर्गत कुल 05 (पाँच) इवेन्ट होंगे, जिनका विवरण निम्नवत है–

(i) 50 Yard Dash

(ii) 600 Yard Dash

(iii) Standing Board Jump

(iv) Bent Knee Sit Up

(v) Shot&put throw

**32.** शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्रत्येक इवेन्ट अधिकतम 20 अंकों का होगा, जिसमें प्रत्येक इवेन्ट में अभ्यर्थी के प्रदर्शन के आधार पर इस विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व निर्धारित मानकानुसार अभ्यर्थियों को अंक आवन्टित किये जायेंगे, जिसका विवरण टेबल–1 (पुरूष अभ्यर्थी) एव टेबल–2 (महिला अभ्यर्थी) में आगे अंकित किया गया है।

33. प्रवेश परीक्षा में अर्जित अंक एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में अर्जित अंक को जोड़कर अभ्यर्थियों की अन्तिम परीक्षा परिणाम (मेरिट) बनायी जायेगी तथा उक्त मेरिट के अनुसार प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों पर मेंमेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों को काउंसलिंग द्वारा प्रवेश हेतु अवसर प्रदान किया जायेगा।
34. प्रत्येक अभ्यर्थी को काउंसलिंग के समय प्रवेश हेतु अर्हता के सभी मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
35. शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय सभी अभ्यर्थी को स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रमाण–पत्र (मॅडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट) प्रस्तुत करना होगा। स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र किसी सरकारी स्वास्थ केन्द्र से निर्गत होना आवश्यक है।
36. शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय सभी अभ्यर्थियों को स्पोर्ट्स किट में होना अनिवार्य है।
37. आरक्षित श्रेणी के आवेदक को काउंसलिंग के समय आरक्षण की दावेदारी से सम्बन्धित सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
38. आरक्षण की सुविधा उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश के अनुसार अनुमन्य होगी। आरक्षण सम्बन्धी शासनादेश निम्नवत है–

आरक्षण (Resaervation)

1. (क) आरक्षण अधिनियम के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ी जाति के लिये क्रमश– 21, 02, 27 प्रतिशत स्थान आरक्षित है। प्रवेश हेतु चुने गये अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय जाति का मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। अन्य पिछड़े वर्ग के लिये उ०प्र० सरकार के शासनादेश के अनुसार निर्गत जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। EWS आरक्षण की सुविधा उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश के अनुसार अनुमन्य होगी

(ख) आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को मिलेगा जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हों, इसके लिये निवास प्रमाण–पत्र मान्य होगा।

2. क्षैतिक आरक्षण (Horizontal Resaervation)

(क) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों के लिये कुल 02 प्रतिशत तथा सैनिक/भूतपूर्व सैनिक / जम्मू कश्मीर में तैनात सैनिक अथवा अर्द्धसैनिक आश्रित अथवा जम्मू कश्मीर से विस्थापित नागरिकों के आश्रितों के लिये कुल 05 प्रतिशत सीट सम्बन्धित श्रेणी में आरक्षित है।

(ख) महिला अभ्यर्थियों हेतु 20 प्रतिशत स्थान सम्बंधित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित है। महिलाओं के कुल आरक्षित सीट संख्या में से 02 प्रतिशत सीट विधवा/तलाकशुदा महिलाओं को सम्बन्धित श्रेणी में हैं।

**20.** उपरोक्त बिन्दू 12 एव 13 के क्रम में शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु Physical Fitnesas Tesat Score छात्र अभ्यर्थियों के लिये टेबल–1 एव छात्रा अभ्यर्थियों के लिये टेबल–2 आगामी पृष्ठ पर उपलब्ध है।

Physical Fitnesas Tesat Score Table for Boys (Table-1)

| Score | 50 Yards Dash Min.Sec. | 600 Yards Dash Min.Sec. | Standing Board Jump Ft.Inchesa | Bent Knee Sit up No. | Shot Put Ft. Inchesa |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 6.000 | 1.2000 | 9'8'' | 64 | 55' 0'' |
| 19 | 6.200 | 1.350 | 8'6'' | 62 | 50' 0'' |
| 18 | 6.400 | 1.380 | 8'3'' | 60 | 45' 6'' |
| 17 | 6.600 | 1.400 | 8'1'' | 58 | 35' 0'' |
| 16 | 6.800 | 1.420 | 8'0'' | 56 | 32' 0'' |
| 15 | 7.000 | 1.440 | 7'10'' | 54 | 30' 0'' |
| 14 | 7.200 | 1.450 | 7'8'' | 52 | 28' 6'' |
| 13 | 7.400 | 1.470 | 7'7'' | 50 | 26' 6'' |
| 12 | 7.500 | 1.490 | 7'6'' | 48 | 24' 0'' |
| 11 | 7.600 | 1.500 | 7'5'' | 46 | 21' 0'' |
| 10 | 7.700 | 1.520 | 7'3'' | 44 | 20' 6'' |
| 9 | 7.800 | 1.530 | 7' 2'' | 42 | 19' 6'' |
| 8 | 8.000 | 1.550 | 7' 0'' | 40 | 18' 0'' |
| 7 | 8.200 | 1.570 | 6' 11'' | 38 | 17' 0'' |
| 6 | 8.400 | 1.590 | 6' 10'' | 36 | 16' 6'' |
| 5 | 8.600 | 2.010 | 6' 8'' | 34 | 16' 0'' |
| 4 | 8.800 | 2.050 | 6' 6'' | 32 | 15' 6'' |
| 3 | 9.000 | 2.090 | 6' 4'' | 30 | 14' 6'' |
| 2 | 9.400 | 2.150 | 6' 0'' | 28 | 13' 6'' |
| 1 | 9.800 | 2.250 | 5' 8'' | 24 | 13' 0'' |
| 0 | 10.000 | 3.430 | 3' 7'' | 20 | 12' 0'' |

Physical Fitnesas Tesat Score Table for Girls (Table-2)

| Score | 50 Yards Dash Min.Sec. | 600 Yards Dash Min.Sec. | Standing Board Jump Ft.Inchesa | Bent Knee Sit up No. | Shot Put Ft. Inchesa |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 6.8 | 2.00 | 7' 0'' | 50 | 10' 0'' |
| 19 | 7.2 | 2.11 | 6' 8'' | 46 | 28' 6'' |
| 18 | 7.4 | 2.22 | 6' 5'' | 43 | 25' 6'' |
| 17 | 7.5 | 2.27 | 6' 2'' | 40 | 22' 0'' |
| 16 | 7.6 | 2.31 | 6 ' 0'' | 38 | 20' 6'' |
| 15 | 7.8 | 2.34 | 5' 11'' | 35 | 19' 0'' |
| 14 | 7.9 | 2.37 | 5' 10'' | 33 | 18' 6'' |
| 13 | 8.0 | 2.42 | 5' 9'' | 31 | 17' 0'' |
| 12 | 8.1 | 2.46 | 5' 7'' | 29 | 16' 6'' |
| 11 | 8.2 | 2.49 | 5' 6'' | 27 | 16' 0'' |
| 10 | 8.3 | 2.51 | 5' 5'' | 25 | 15' 6'' |
| 9 | 8.4 | 2.57 | 5' 3'' | 23 | 14' 0'' |
| 8 | 8.6 | 3.00 | 5' 2'' | 21 | 13' 2'' |
| 7 | 8.7 | 3.05 | 5' 1'' | 19 | 12' 10'' |
| 6 | 8.8 | 3.10 | 5' 0'' | 17 | 11' 0'' |
| 5 | 8.9 | 3.16 | 4' 11'' | 15 | 10' 8'' |
| 4 | 9.0 | 3.22 | 4' 9'' | 14 | 10' 2'' |
| 3 | 9.1 | 3.29 | 4' 7'' | 13 | 9' 6'' |
| 2 | 9.5 | 3.41 | 4' 5'' | 12 | 8' 0'' |
| 1 | 10.4 | 3.56 | 4' 2'' | 11 | 7' 0'' |
| 0 | 12.0 | 6.40 | 3' 0'' | 10 | 6' 10'' |

कुलसचिव 30.07.25